अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा, 2025–26

B/20000

# सामान्य हिंदी

कक्षा–11

समय : 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 100

नोट–(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खण्ड 'क'

1. सही–विकल्प का चयनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–

(क) 'वर्णरत्नाकर' के रचनाकार हैं– 1

(अ) ज्योतिरीश्वर (ब) दौलतराम
(स) मधुरानाथ शुक्ल (द) रामप्रसाद निरंजनी

(ख) 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं– 1

(अ) सदासुखलाल (ब) लल्लूलाल
(स) सदल मिश्र (द) इंशा अल्ला खाँ

(ग) 'सौ अजान एक सुजान' के लेखक हैं– 1

(अ) प्रतापनारायण मिश्र (ब) राय कृष्णदास
(स) बालकृष्ण भट्ट (द) श्री निवासदास

(घ) 'पुनर्नवा' कृति की विधा है– 1

(अ) नाटक (ब) निबन्ध
(स) आत्मकथा (द) उपन्यास

2. सही विकल्प का चयनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(क) 'विद्यापति' कवि हैं– 1

(अ) भक्तिकाल के (ब) आदिकाल के
(स) रीतिकाल के (द) आधुनिककाल के

(ख) शृंगार एवं वात्सल्य रस के अमर कवि हैं– 1

(अ) बिहारी (ब) सूरदास
(स) तुलसीदास (द) घनानन्द

(ग) रामभक्ति शाखा से सम्बन्धित हैं– 1

(अ) कुम्भनदास (ब) नाभादास
(स) परमानन्ददास (द) चतुर्भुजदास

(घ) रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना नहीं है– 1

(अ) रश्मिरथी (ब) परशुराम की प्रतीक्षा
(स) चक्रवाल (द) सुनहले शैवाल

3. सही विकल्प का चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–

(क) लाल रंग के गोलाकार संकेत होते हैं– 1

(अ) आदेशात्मक (ब) चेतावनी देने वाले
(स) सूचनात्मक (द) प्रेरणात्मक

(ख) यातायात संकेत किसके द्वारा जारी किए जाते हैं ? 1

(अ) सड़क परिवहन निगम (ब) भारतीय रोड–कांग्रेस
(स) परिवहन मंत्रालय (द) राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

4. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2×5= 10

इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाये वही बहुत है। हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजन सब नहीं चल सकतीं; वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते। इनसे इतना कह दीजिए कि का... चुप साधि रहा बलवाना" फिर देखिए हनुमान् जी को अपना बल, कैसा याद आता है। सो बल कौन याद दिलावै।

1. गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।
2. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
3. 'अभागा' व आलसी देश किसे कहा गया है ?
4. हिन्दुस्तानियों की तुलना रेल की गाड़ी से क्यों की गई है ?
5. लेखक ने हनुमान जी का उदाहरण किसलिए दिया है ?

अथवा

धीरे–धीरे दीनानाथ का बिंब क्षितिज के ऊपर आ गया, तब एक और ही प्रकार के दृश्य के दर्शन हुए, ऐसा जोर लगाकर समुद्र के भीतर से उसे खींच रहा है। सूर्य की किरणों ही को आप लम्बी–लम्बी मोटी रस्सियाँ समझिए, उन्हीं से उन्होंने बिंब को बाँध–सा दिया है और खींचते वक्त पक्षियों के कलरव के बहाने वे यह कह–कहकर शोर मचा रही हैं कि खींच लिया है; कुछ ही बाकी है, ऊपर आना ही चाहता है; जरा और जोर लगाना।

1. पक्षियों के कलरव की तुलना किससे की गयी है ?
2. दिग्बंधुएँ सूर्यरूपी घड़े को किसके सहारे खींच रही हैं ?
3. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
4. उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
5. दीनानाथ कौन है ?

5. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $2 \times 5 = 10$

काहे री नलिनी तू कुम्हिलानी,
तेरे ही नालि सरोवर पानी।
जल में उतपति जल में बास, जल में नलिनी तोर निवास।
<u>ना तलि तपनि न ऊपरि आगि, तोर हेतु काहू कासनि लागि॥</u>
<u>कहे कबीर जे उदकि समान, ते नहीं मूए हमारे जान॥</u>

1. कबीर जीवात्मा से क्या कहते हैं ?
2. पद के अंत में कबीर ने क्या कहा है ?
3. यहाँ कबीर ने किन दो पक्षों के सन्दर्भ में अपने भाव व्यक्त किये हैं ?
4. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
5. कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

अथवा

बालधी बिसाल बिकराल ज्वाल–जाल मानौ,
लंक लीलिबे को काल रसना प्रसारी है।
कँधौ व्योमवीथिका भरे हैं भूरि धूमकेतु,
वीररस बीर तरवारि सी उघारी है।
तुलसी सुरेस चाप, कँधौ दामिनी कलाप,
कँधौ चली मेरु तें कृसानु–सरि भारी है।
देखे जातुधान जातुधानी अकुलानी कहैं,
कानन उजार्यों अब नगर प्रजारी है॥

1. कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
2. प्रस्तुत पद्यांश किस प्रसंगवश लिखा गया है ?
3. किसकी लपटें आकाश में भरे हुए पुच्छल तारों के समान अथवा किसी वीर की (रक्तसरित तलवार के समान) अथवा...
4. आग की लपटों से परिपूर्ण... कैसी प्रतीत हो रही थी ?
5. तरवारि–सी में कौन–सा अलंकार है ?

6. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक–परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(अ) सरदार पूर्ण सिंह (ब) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक–परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

(अ) तुलसीदास (ब) कबीरदास (स) सूरदास

7. 'प्रायश्चित' कहानी की समीक्षा कीजिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

'आकाशदीप' कहानी की नायिका 'चम्पा' का चरित्र–चित्रण लिखिए।

8. स्वपठित नाटक के 'प्रथम अंक' का सारांश लिखिए (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

स्वपठित नाटक की 'नायिका' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

## खण्ड 'ख'

9. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+ 5= 7

ऋषेः भरद्वाजस्य आश्रमः अपि अत्रैव अस्ति। यत्रपुरा दशसहस्र मिताः विद्यार्थिनः अधी तिनः आसन्। पितुः आज्ञां पालयन् पुरुषोत्तमः श्रीरामः अयोध्यायाः वनम् गच्छन् 'कुत्र मया वस्तव्यम्' इतिप्रष्टुम् अत्रैव भरद्वाजस्य समीपम् आगतः। चित्रकूटमेव त्वन्निवासयोग्यम् उचितं स्थानम् इति तेनादिष्टः रामः सीतया लक्ष्मणेन च सह चित्रकूटम् अगच्छत्।

अथवा

अस्योपत्यकासु सुदीर्घाः वनराजयो विराजन्ते, यत्र विविधाः ओषधयो वनस्पतयस्तरवश्च तिष्ठन्ति इमाः ओषधयः जनान् आमयेभ्यो रक्षन्ति, तरवश्च आस–च्छादिगृहोप करण निर्माणार्थं प्रयुज्यन्ते। हिमालयः वर्षतौ दक्षिण–समुद्रेभ्यः समुत्थिता मेघमाला अवरुध्य वर्षणाय ताः प्रवर्तयति।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+ 5= 7

यतोयत समाहसे ततो नो अभयं कुरु।
शनः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः॥

अथवा

समुद्र पलयोर्जलं सन्निपाते पूतात्मनामत्र किलाभिषेकात्।
तत्त्वावबोधेन विनापि भूयसां नृत्यां नास्ति शरीरबन्धः॥

10. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए– 1+ 1= 2

(अ) खून सफेद हो जाना (ब) घोड़े बेचकर सोना

(स) अक्ल चरने जाना (द) थाली का बैंगन

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि–विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए–

(i) 'ना विकः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) नाव + इक (ब) ना + विक (स) नौ + इक (द) न + आविक

(ii) 'देवेशः' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) देव + ईश (ब) देवो + ईश (स) देवी + ईश (द) देव + ईश

(iii) 'जयति' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) जय + अति (ब) ज + यति (स) जे + अति (द) जै + यति

(ख) दिये गये शब्दों की विभक्ति व वचन का सही विकल्प चयन करके लिखिए–
(i) चतुर्थी एकवचन का रूप है– 1

(अ) आत्मना (ब) आत्मने (स) आत्मनाम् (द) आत्मानम्

(ii) 'नाम्ना' रूप है 'नामन्' शब्द का– 1

(अ) तृतीया एकवचन (ब) चतुर्थी एकवचन
(स) पंचमी एकवचन (द) षष्ठी द्विवचन

12. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए–

(i) अविराम–अभिराम 1

(अ) बिना रोक के और सुन्दर (ब) लगातार और विराम
(स) सुंदर और बिना रोक के (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) अंश–अंस 1

(अ) कंधा और भाग (ब) भाग और कंधा
(स) अंक और भाग (द) भाग और अंक

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए– 1+ 1= 2
(i) कनक (ii) अंबर (iii) तीर

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए–
(i) जिसकी गणना न की जा सके– 1

(अ) गणित (ब) अगणित (स) गणना (द) अग्रगण्य

(ii) सत्य बोलने वाला– 1

(अ) सत्यवादी (ब) प्रियवादी (स) स्पष्टवादी (द) वाचाल

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– 1+ 1= 2
(i) मैं भोजन कर लिया हूँ।

(ii) केवल सौ रुपये मात्र दे दीजिए।

(iii) वह न न्हाया और न ही खाया।

(iv) वृक्षों पर कौवा बोल रहा है।

13. (क) 'वीर रस' अथवा 'करुण रस' का स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा और उदाहरण लिखिए। 1+ 1= 2

(☐) 'अनुप्रास' अथवा 'श्लेष' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 1+ 1= 2

(ग) 'दोहा' अथवा 'चौपाई' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 1+ 1= 2

14. अपने क्षेत्र में संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को एक पत्र लिखिए। 2+ 4= 6

अथवा

व्यावसायिक बैंक से उच्च शिक्षा हेतु ऋण प्राप्ति के लिए शाखा प्रबंधक को आवेदन–पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए– 2+ 7= 9

(क) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निवारण

(ख) छात्र और अनुशासन

(ग) भारत में बेरोजगारी की समस्या

(घ) नारी शिक्षा का महत्त्व

(ङ) स्वदेश प्रेम